# हथकरघा क्षेत्र में सुधार

## प्रलिम्सि के लयि:

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, हथकरघा  उद्योग, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस

## मेन्स के लयि:

हथकरघा क्षेत्र : चुनौतियाँ एवं सुधार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सरकार ने हथकरघा क्षेत्र में महामारी **से उत्पन्न मुद्दों को बढ़ावा देने** और **उनका समाधान** करने के लयि कई कदम उठाए हैं।

- एक टेक्सटाइल को केवल बुनाई के लयि इस्तेमाल होने वाले धागे या उससे बने कपड़े के रूप में समझा जा सकता है।
- जबकि हथकरघा टेक्सटाइल के निर्माण का एक भाग है, इसमें बुनाई में **श्रमकि और मशीनें शामलि** हैं।

## प्रमुख बदुि

- **सरकार द्वारा उठाए गए कदम:**
    - **अनुरोध करने वाले राज्य:** वस्त्र मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासति प्रदेशों से अपने राज्य**हथकरघा नगिमों/सहकारति/एजेंसयिों से हथकरघा बुनकरों/कारीगरों के पास तैयार इन्वेंट्री की खरीद करने का अनुरोध** कयिा है।
    - **गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस ( GeM) पोर्टल पर बुनकरों का पंजीकरण:** सरकार द्वारा गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस से बुनकरों को जोड़ने के लयि कदम उठाए गए हैं।
        - इस कदम से बुनकर अपने उत्पादों को सीधे वभिन्नि सरकारी वभिगों और संगठनों को बेचने में सक्षम होंगे।
        - अब तक **लगभग 1.50 लाख बुनकरों को GeM पोर्टल से जोड़ा** जा चुका है।
    - **हथकरघा उत्पादक कंपनयिों की स्थापना:** उत्पादकता, वपिणन क्षमताओं को बढ़ाने और बेहतर आय सुनश्चिति करने के लयि**वभिन्नि राज्यों में 128 हथकरघा उत्पादक कंपनयिों का गठन** कयिा गया है।
    - **आसान ऋण नीत:ि** रयिायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के तहत वत्तिीय सहायता, ब्याज सबवेंशन/रयिायत, क्रेडटि गारंटी प्रदान की जाती है।
    - **डज़िाइन संसाधन केंद्र:** नई दलि्ली, मुंबई आद जिैसे प्रमुख शहरों में बुनकर सेवा केंद्रों में डज़िाइन संसाधन केंद्र (DRC) स्थापति कयि गए हैं।
        - इन DRC का उद्देश्य हथकरघा क्षेत्र में डज़िाइन-उन्मुख उत्कृष्टता का सृजन और नरि्माण करना है।
        - इसमें बुनकरों, नरि्यातकों, वनिरि्माताओं और डज़िाइनरों को नमूना/उत्पाद सुधार तथा वकिास के लयि डज़िाइन रपिॉजटिरी तक पहुँच की सुवधिा प्रदान करने की भी परकिल्पना की गई है।
    - **हथकरघा नरि्यात संवर्द्धन परषिद (HEPC) की स्थापना:** हथकरघा उत्पादों के वपिणन को बढ़ावा देने के लयि हथकरघा नरि्यात संवर्द्धन परषिद (Handloom Export Promotion Council- HEPC) वर्चुअल मोड में अंतर्राष्ट्रीय मेलों का आयोजन करती रही है।
        - 23 ई-कॉमर्स संस्थाओं को हथकरघा उत्पादों के ई-वपिणन को बढ़ावा देने के कार्य में लगाया गया है।
    - **कच्चे माल की आपूर्त योजना:** हथकरघा बुनकरों को सूत उपलब्ध कराने के लयि  यह योजना पूरे देश में लागू की जा रही है।
        - योजना के तहत वस्त्र क्षेत्र में कच्चे माल के लिए प्रतपिूर्ति और मूल्य सब्सिडी प्रदान की जाती है।
    - **बुनकरों को शक्षिति करना:** बुनकरों को उनके कल्याण और सामाजकि-आर्थकि वकिास के लयि वभिन्नि हथकरघा योजनाओं का लाभ उठाने के लयि शक्षिति करने हेतु  वभिन्नि राज्यों में कई चौपालों का आयोजन कयिा गया।
- **वस्त्र उद्योग का महत्त्व:**
    - यह भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 2.3%, औद्योगकि उत्पादन का 7%, भारत की नरि्यात आय में 12% और कुल रोज़गार में 21% से अधकि का योगदान देता है।
    - भारत में कच्चे माल और श्रम की प्रचुर आपूर्त कि निम्नलखिति कारण है:

        - कपास का सबसे बड़ा उत्पादक है जिसकी वैश्विक उत्पादन में 25% हिस्सेदारी है।
        - चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा वस्त्र उत्पादक देश है।
        - मानव निर्मित रेशों (पॉलिएस्टर और विस्कोस) का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
    - सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में एक विस्तृत घरेलू बाज़ार उपलब्ध है।

## भारतीय वस्त्र उद्योग की चुनौतियाँ

- **अत्यधिक खंडित:** भारतीय वस्त्र उद्योग अत्यधिक खंडित है और इसमें मुख्य तौर पर असंगठित क्षेत्र तथा छोटे एवं मध्यम उद्योगों का प्रभुत्व देखने को मिलता है।
- **पुरानी तकनीक:** भारतीय वस्त्र उद्योग के समक्ष नवीनतम तकनीक तक पहुँच एक बड़ी चुनौती है (विशेषकर लघु उद्योगों में) और ऐसी स्थिति में यह अत्यधिक प्रतिस्पर्द्धी बाज़ार में वैश्विक मानकों को पूरा करने में विफल रहा है।
- **कर संरचना संबंधी मुद्दे:** कर संरचना जैसे- **वस्तु एवं सेवा कर (GST)** घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में वस्त्र उद्योग को महँगा एवं अप्रतिस्पर्द्धी बनाती है।
- **स्थिर निर्यात:** इस क्षेत्र का निर्यात स्थिर है और पिछले छह वर्षों से 40 अरब डॉलर के स्तर पर बना हुआ है।
- **व्यापकता का अभाव:** भारत में परिधान इकाइयों का औसत आकार 100 मशीनों का है जो बांग्लादेश की तुलना में बहुत कम है, जहाँ प्रति कारखाना औसतन कम-से-कम 500 मशीनें हैं।
    - **विदेशी निवेश की कमी:** ऊपर दी गई चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में विदेशी निवेशक वस्त्र क्षेत्र में निवेश करने के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं जो कि चिंता का क्षेत्र भी है।
        - हालाँकि इस क्षेत्र में पिछले पाँच वर्षों के दौरान निवेश में तेज़ी देखी गई है, इस उद्योग ने अप्रैल 2000 से दिसंबर 2019 तक केवल 3.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित किया।

## आगे की राह

- **एक संगठित क्षेत्र की ओर:** भारत वस्त्र उद्योग के लिये मेगा अपैरल पार्क और सामान्य बुनियादी ढाँचे की स्थापना करके इस क्षेत्र को संगठित कर सकता है।
    - इससे उत्पादन के पैमाने में वृद्धि होगी और भारतीय खिलाड़ियों को संचालन में अधिकतम दक्षता के साथ तेज़ी से तथा कम लागत पर उत्पादन करने में मदद मिलेगी।
- **उद्योग के आधुनिकीकरण को सुगम बनाना:** अप्रचलित मशीनरी और प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण पर ध्यान देना चाहिये। यह वस्त्र उद्योग के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में मदद कर सकता है तथा इस तरह निर्यात भी बढ़ा सकता है।
    - राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ATUFS) और एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों को सबसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिये।
- **तर्कसंगत श्रम कानूनों की आवश्यकता:** कई उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ पैनलों ने फर्म के आकार की सीमा संबंधी शर्तों को हटाने और 'हायरिंग एंड फायरिंग' (Hiring and Firing) प्रक्रिया में लचीलेपन की अनुमति देने की सिफारिश की है।
    - इस प्रकार ऐसे श्रम कानूनों के शीघ्र युक्तिकरण की आवश्यकता है।
- **निर्यात बढ़ाना:** भारत को निर्यात अवसरों को बढ़ाने के लिये विकसित देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने की भी आवश्यकता है।
    - इस तरह के मुक्त व्यापार समझौते (FTA) यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और UK जैसे बड़े वस्त्र बाज़ारों में शुल्क मुक्त पहुँच हासिल करने में मदद कर सकते हैं।

## स्रोत-पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reforms-in-handloom-sector